'सरकार ने हमारी मांगें नहीं मांगी तो पूरा समाज पटरी और सड़कों पर नजर आएगा'

अहीर समाज की महासभा में गहलोत सरकार को दी चेतावनी

जयपुर, (का.सं.)। जयपुर के वीटी ग्राउंड मानसरोवर में आज अहीर महासभा का जन जागृति सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में अहीर जन जागृति सम्मेलन के संयोजक इंद्र यादव ने कहा वीर अहीर रेजिमेंट हमारा हक है। यदि सरकार हमारी मांगे नहीं मानती है तो पूरा समाज पटरी और सड़कों पर नजर आएगा। सरकार हमें गुर्जर और मीणा समाज से कम ना समझे। यादव कौम की मांग बिल्कुल जायज है।

सम्मलेन में भाग लेने के लिए देशभर के नेता सहित समाज के लोग एकजुट हुए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर परमवीर चक्र विजेता योगेंद्र यादव भी कार्यक्रम में शामिल हुए। गौरतलब है कि अहीर समाज काफी समय से अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग करता आ रहा है। अहीर समाज के देश प्रदेश के नेता और प्रबुद्धजन समाज को एक जगह लाकर विचार-विमर्श कर सरकार के सामने अपनी बात रखेंगे।

राजस्थान में जैसे जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहा है। वैसे ही हर समाज अपने उचित प्रतिनिधित्व एवं ताकत दिखाने के उद्देश्य से ऐसे आयोजन करते आ रहे है। हाल ही में ब्राह्मण समाज द्वारा ब्राह्मण महासभा, राजपूत एवं सवर्ण समाज द्वारा केसरिया महापंचायत एवं एससीएसटी महापंचायत के माध्यम से अपने समाज की मांगों को राजनितिक पार्टियों के समक्ष रख रहे है। ऐसे में आज अहीर समाज द्वारा अहीर जन जागृति सम्म्मेलन किया गया।

जयपुर के वीटी ग्राउंड मानसरोवर में आज अहीर महासभा का जन जागृति सम्मेलन आयोजित किया गया।

नाथ समाज ने गुरू गोरखनाथ बोर्ड बनाने की मांग की

■ मांग पूरी नहीं करने पर नाथ समाज ने वोट की चोट के माध्यम से करारा जवाब देने की चेतावनी दी

जयपुर, (का.सं.)। जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में रविवार को आयोजित नाथ समाज के महासंगम में नेताओं ने गुरू गोरखनाथ बोर्ड बनाने की मांग की।

नाथ समाज के महासंगम में बड़ी संख्या में राजस्थान सहित देशभर से नाथ समाज के लोग पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर राजस्थान सरकार ने समय रहते हमारी मांगों को पूरा नहीं किया। तो आने वाले चुनाव में प्रदेशभर में नाथ समाज कांग्रेस को वोट की चोट के माध्यम से इसका करारा जवाब देगा।

इस दौरान अलवर से नाथ सम्प्रदाय के सन्त और बीजेपी से सांसद बालक नाथ, जयपुर से जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा, बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सलाहकार बाबूलाल नागर, प्रख्यात भजन गायक सन्त प्रकाश दास के साथ ही बड़ी संख्या में विभिन्न समाज के प्रबुद्धजन और राजनीतिक पार्टियों के बड़े नेता महासंगम में शामिल हुए।

राजस्थान नाथ समाज द्वारा आयोजित महासंगम में राजस्थान के साथ ही मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, असम कलकत्ता से बड़ी संख्या में नाथ समाज अनुयायी हिस्सा लेने पहुंचे थे। इस दौरान नाथ योगी समाज के सन्त महंतों ने महासंगम में आए समाज के लोगों को आशीर्वाद दिया।

प्रदेश में रविवार को 422 नए करोना संक्रमित मिले

जयपुर में 104, जोधपुर में 65 व भरतपुर में 52 नए मरीज सामने आए हैं

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। रविवार को राज्य में 422 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच तीन लोगों की मौत भी हुई है। प्रदेश में रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर 23 सौ के ऊपर पहुंच गए है।

प्रदेश में रविवार को 24 जिलों में 422 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शनिवार को इनकी संख्या 419 रही थी। इधर आज राज्य में फिर सर्वाधिक 104 नए संक्रमित जयपुर में मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 65, भरतपुर में 52, नागौर में 43, उदयपुर में 32, बीकानेर में 29, सीकर में 25, झालावाड़ में 13, चित्तौड़गढ़ में 10, सवाई माधोपुर में 7, बांसवाड़ा में 6, भीलवाड़ा चूरू, दौसा, जैसलमेर व बूंदी में 4-4, अलवर व सिरोही में 3-3, अजमेर, कोटा, प्रतापगढ़ व बारां में 2-2 और धौलपुर तथा टोंक में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच प्रदेश में 9755 कोविड जांच की गई।

■ राज्य में करोना से पिछले चौबीस घंटों में तीन संक्रमितों की मौत हुई

प्रदेश में रविवार को भी नए संक्रमितों के मुकाबले रिकवरी कम रही। इस दौरान 137 मरीज ठीक हुए हैं। वहीं एक्टिव केस बढ़कर 2340 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 686 लोगों का इलाज जयपुर में चल रहा है। प्रदेश में आज बीकानेर, नागौर और पाली में करोना से 1-1 संक्रमित की मौत हो गई है। अप्रेल में 16 दिन में ही करोना संक्रमण से 22 लोगों ने दम तोड़ दिया है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9683 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

'अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान'

जयपुर। भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान के अंदर बच्चों की वार्षिक परीक्षाएं चल रही है और राजस्थान की सरकार द्वारा अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। दिन के समय बिजली कटौती करे तो काम चल जाता है लेकिन रात के समय बिजली कटौती करना बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना है। दूसरा आमजन भी इससे परेशानी भोगने का काम कर रहा है। दिन के समय 40-42 डिग्री टेंपरेचर के अंदर बिजली कटौती करना आमजन के लिए परेशानी का कारण है। आवश्यकता इस बात की है सरकार यह कह रही है कि उत्पादन अधिक होने की वजह से बिजली हमारे पास सरप्लस है, इसके बावजूद वो बिजली कहाँ जा रही है?आवश्यकता इस बात की है कि बड़ी बड़ी घोषणा करने के बजाय आमजन की छोटी छोटी बातों पर भी सरकार ध्यान दें।

'डिजिटल इंडिया मिशन से आमजन को जोड़ने का हो साझा प्रयास'

जयपुर, (का.सं.)। इक्कीसवीं सदी के भारत को आईटी एवं डिजिटल रूप से विकसित करने की परिकल्पना प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने बहुत पहले कर ली थी। आज वह सपना साकार हो रहा है। सोशल मीडिया, नेटवर्किंग एवं अन्य डिजिटल तकनीक से गरीब एवं आमजन को कैसे लाभ हो इसका साझा प्रयास करने का समय आ गया है।

पिंकसिटी प्रेस क्लब में रविवार को मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी फ़ारूक़ आफरीदी ने आव्हान जनकल्याण एवं सेवा समिति और ईआईआईएम के संयुक्त तत्वावधान में आव्हान उद्यमिता विकास तंत्र (आई-ईडीएन) कार्यक्रम के शुभारंभ पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि सेवा के उद्देश्य से आरंभ किये जा रहे इस कार्यक्रम से लोग डिजिटल तकनीक से जुड़कर लघु उद्योग,व्यापार एवं अन्य क्षेत्रों में नवाचार के माध्यम से प्रगति पथ पर अग्रसर हो सकेंगे।

आव्हान संरक्षक एवं आल इंडिया ब्राह्मण फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव रमेश ओझा ने कार्यक्रम की प्रसंशा करते हुए महात्मा गांधी की तरह आमजन की सेवा का संकल्प लेने का आव्हान युवा पीढ़ी से किया । आई-ईडीएन कार्यक्रम के अध्यक्ष फ़िरोज़ खान ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारा प्रयास रहेगा कि कुछ गांव, कच्ची बस्तियों को चिन्हित कर उन्हें नव तकनीक से जोड़ा जाए। स्टार्टअप्स, मोटिवेशनल सेमिनार, सीए, यूट्यूबर्स और डिजिटल मार्केटिंग्स सहित कई विषयों पर इसमें मंथन होगा।

एक जयपुर के लिए कैंडल मार्च निकालेंगे

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विधानसभा में जयपुर शहर के दो हिस्से कर दो नये जिले बनाने की घोषणा के बाद जयपुर को एक ही बने रहने देने के समर्थन में चलायी गयी मुहिम म्हारो जयपुर प्यारो जयपुर से जुडे सभी प्रबुद्धजन मिलकर स्टैच्यू सर्किल पर जयपुर की जनता को साथ लेकर कैंडल मार्च निकालेंगे।

इस अभियान से जुडे सभी प्रबुद्धजन अभी तक जयपुर के लगभग सभी जन प्रतिनिधियों से जयपुर को एक ही रखे रहने के लिए ज्ञापन देकर सरकार से इस विषय पर पुर्नविचार करने के लिए आग्रह कर चुके हैं। सभी जन प्रतिनिधि इस बात से सहमत भी है कि जयपुर के दोनों निगमों के 250 वार्डों की सीमाओं को सम्मिलित कर जयपुर के नाम से सिर्फ एक जिला रहना चाहिए। जयपुर को जयपुर उत्तर या जयपुर दक्षिण में नहीं बांटा जाना चाहिए। दोनों नगर निगम की सीमा से बाहर बचे हुए जयपुर को सरकार चाहे जितने जिले बना देवें और जयपुर के अलावा कोई भी नाम इन जिलों का रखे इसमें जयपुर शहर के नागरिकों को कोई आपत्ति नहीं है।

सरकार के निर्णय से जयपुर के एतिहासिक धार्मिक, सांस्कृतिक, आर्थिक विश्व धरोहर पर पडने वाले दुष्परिणामों से जयपुर की जनता के बीच जन जागरण अभियान हेतु धार्मिक स्थलों के बाहर खड़े होकर हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। जन जागरण अभियान इसी कडी में कल स्टैच्यू सर्किल पर जयपुर की जनता को साथ लेकर एक विशाल कैंडल मार्च निकालकर सरकार के निर्णय पर अपनी असहमति प्रकट करेंगे और सरकार से आग्रह करेंगे कि जयपुर को ना बांटे। इसके लिए जयपुर के हर नागरिक तक इसका संदेश पहुंचे इसका प्रयास किया जा रहा है।

जयपुर को दो जिलों में बांटने के विरोध में सोमवार को निकाले जाने वाले कैंडल मार्च की तैयारियों को लेकर प्रबुद्धजनों ने बैठक की।

पुलिस के कामों पर डीजीपी संतुष्ट

जयपुर (कासं)। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा का कहना है कि राजस्थान पुलिस प्रदेश में कानून व्यवस्था को बनाये रखने के साथ ही हिंसा एवं अपराध की रोकथाम कर लिए तत्परता से कार्य कर रही है। मिश्रा राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर आयोजित परेड समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 16 अप्रैल 1949 में राजस्थान पुलिस एकीकरण अध्ययदेश जारी होने के साथ ही राजस्थान पुलिस की स्थापना हुई। उन्होंने बताया कि वर्तमान में एक लाख 12 हजार फोर्स की राजस्थान पुलिस अपनी गौरवशाली परम्पराओं के अनुरूप प्रदेश में तत्परता से काम कर रही है। उन्होंने पुलिस के आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ बनाने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा किये गए कार्यो के लिए आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश की शान्ति व्यवस्था को बनाये रखने के लिए आश्वस्त किया। इस मौके आरपीए निदेशक राजीव शर्मा ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कलाकार हरबंस ग्रेवाल ने छलकाया रागों का लालित्य

जयपुर। कला व संस्कृति विभाग, राजस्थान सरकार और संगीत आश्रम संस्थान व न्यू ब्लूम की तरफ से चल रहे तीन दिवसीय शास्त्रीय संगीत समारोह में रविवार को यहां शास्त्रीनगर साइंस पार्क प्रांगण प्रात:कालीन राग-रागनियों की खुशबू से खिल उठा।

यहां म्यूजिक विद् नेचर के तहत मॉर्निंग क्लासिकल कार्यक्रम में जयपुर के मकबूल कलाकार हरबंश ग्रोवाल ने सुरों की मिठास घोली।

वरिष्ठ संगीत निर्देशक अमित अनुपम के निर्देशन में सजे इस कार्यक्रम में जयपुर के सुरीले वरिष्ठ कलाकार हरबंस ठोवाल ने प्रात:कालीन राग-रागनियों के सुरों से ताजगी का रुहानी अहसास कराया। उन्होंने सुरीले आलाप, तानें व मुर्कियों से कार्यक्रम का असरदार बनाया।

इससे पहले सुरेन्द्र रत्नू ने मां सरस्वती देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। वरिष्ठ कलाकार हरबंस ग्रोवाल शुरू में राग नट भैरव के सुर साधे। उन्होंने सुरों के खूबसूरत लगाव, ठहराव की उम्दा बानगी दर्शाकर राग नट भैरव का लालित्य छलकाया। उन्होंने इस राग की बंदिश माई मोरे नैना बसे रघुवीर...को सुरों की दकीकता से पेश कर सुबह सुरों की बयार से दानिशी श्रोताओं के दिलों को छू लिया। इसके बाद कलाकार हरबंस ग्रोवाल ने राग गुजरी तोडी की बंदिश चलो सखी सौतन के घर जाइए...को नजाकत व नफासत से पेश कर माहौल में प्रात:कालीन राग-रागनियों की मिठास घोल दी। इस कलाकार ने आखिर में राग भैरव की रचना कैसी यह भला...को सुर, लय और ताल में उम्दगी से पिरोकर कार्यक्रम को विराम दिया। तबले पर दिलशाद खान, हारमोनियम पर शेर खान ने प्रभावी संगत की। संचालन वीना अनुपम ने किया। अंत में संस्थान सचिव अमित अनुपम ने सभी श्रोताओं का आभार जताया।

भगवान परशुराम जयंती महोत्सव शुरू

सर्व ब्राह्मण महासभा की ओर से भगवान परशुराम जयंती महोत्सव के स्टीकर का विमोचन किया गया।

जयपुर, (का.सं.)। सर्व ब्राह्मण महासभा की ओर से मोती डूंगरी स्थित गणेश के मंदिर में आज प्रात: 9 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच गणेश निमंत्रण के साथ 15 दिन तक सम्पूर्ण प्रदेश में चलने वाले भगवान परशुराम जयंती समारोह का विधिवत शुभारम्भ हुआ।

सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने सपत्निक नीलम मिश्रा, संत-महंतों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्रथम पूज्य भगवान गणपति को निमत्रिंत किया और समारोह की सफलता के लिये गणपति की पूजा की।

इस अवसर पर संत-महंतों ने विधि विधान से गणेश को निमंत्रित किया गया एवं उपस्थित विद्वान पण्डितों ने मंत्रोच्चारण के साथ सस्वर पाठ किया।

इस अवसर पर जयपुर शहर के सांसद रामचरण बोहरा, विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा, सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा, महामण्डलेश्वर बालमुकूंदाचार्य, उदासीन आश्रम के महंत प्रद्युम्न मुनि महाराज, सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य राजेश्वर, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, सर्व ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, युवा संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एड. कमलेश शर्मा, युवा जयपुर शहर अध्यक्ष अविकुल शर्मा, प्रमुख ज्योतिषाचार्य पं. मुकेश भारद्वाज, प्रदेश संगठन मंत्री श्याम शास्त्री और योग गुरु ढाका राम ने पूजा अर्चना कर गणेश निमंत्रण किया। इस अवसर पर एक रंगीन स्टीकर और भगवान परशुराम के कट आउट का विमोचन भी किया गया।

इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश सचिव हरीश मिश्रा, डी.पी. शर्मा, विजय भास्कर, अरविन्द मिश्र, हवा महल के अध्यक्ष लक्ष्मण शर्मा, सतबीर भारद्वाज, कैलाश शर्मा खोर, लक्ष्मी शर्मा, सांगानेर अध्यक्ष अशोक शर्मा, महेन्द्र गौड़, रामकुमार शर्मा, पंकज शर्मा सोडाला, रवि शर्मा सांगानेर, राघव दाधीच, महेश भारद्वाज, सहित बड़ी संख्या में स्टीकर विमोचन समारोह में उपस्थित थे। विमोचन समारोह में प्रमुख रूप से महासभा के लगभग 200 ब्राह्मण समाज के विभिन्न ब्लॉकों के पदाधिकारी एवं विप्र बन्धु इस अवसर पर उपस्थित थे।

राजे ने चाँदपोल हनुमान मंदिर में जलाए 80 न्याय दीप

जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने चाँदपोल हनुमानजी के मंदिर में रविवार को अल सुबह आस्था के 80 न्याय दीप जलाये और हनुमान चालीसा का पाठ किया। उन्होंने हनुमान जी से प्रार्थना की कि 13 मई 2008 को आपके ही चांदपोल हनुमान मंदिर के साथ-साथ कई स्थानों पर सीरियल ब्लास्ट कर 80 बेक़सूर लोगों की निर्मम हत्या करने वाले आतंकियों को फाँसी की सजा मिले। पूजा के बाद पूर्व मुख्यमंत्री पीड़ित परिवारों से मिली और उन्हें भरोसा दिलाया कि बालाजी उनको न्याय दिलवाएँगे।

लोगों ने कहा कि वसुन्धरा आपकी भाजपा सरकार ने तो उन आतंकियों को पकड़ कर जेल में डाला और निचली अदालत से उन्हें फाँसी की सजा हुई। आपकी इस कार्यवाही की तारीफ़ भरतपुर दौरे के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी की। जबकि अशोक गहलोत की सरकार ने पूरे देश में दहशत फैलाने वाले इस ख़ौफ़नाक प्रकरण की जान बूझ कर ढंग से पैरवी नहीं करवाई, क्योंकि उन्हें पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की नहीं, वोटों की चिंता है। इस कारण सभी आतंकी बरी हो गये।

उनकी इस पीड़ा को सुन वसुन्धरा राजे ने कहा कि उन्होंने यहाँ आस्था के 80 न्याय दीप इसीलिए जलायें हैं।

पेपर लीक मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

जयपुर। एसओजी ने रविवार को वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा-2022 में पेपर लीक करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसओजी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी अरूण शर्मा (30) पुत्र सांवरमल शर्मा निवासी श्रीमाधोपुर, सीकर है। इसे पूर्व में गिरफ्तार आरोपी अनिल उर्फ शेरसिंह से पूछताछ के आधार पर पकड़ा है। जांच में सामने आया कि अरूण शर्मा ने अनिल उर्फ शेरसिंह से वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा का पेपर परीक्षा से पहले ही प्राप्त कर लिया था। इसके बाद उसने जयपुर में पेपर अभ्यर्थियों को पढ़ाया था।

घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़

जयपुर। खोह नागोरियान इलाके में स्थित घर में घुस कर महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी महिला ने रिपोर्ट दी है कि 14 अप्रैल की दोपहर घर में अकेली थी। इस दौरान परिचित मुकेश जबरन घर में घुस आया और छेड़छाड़ करने लगा।

तीये की बैठक

हमारी पूजनीय
श्रीमती मीरा देवी
धर्मपत्नी स्व. श्री कालूराम जी मीणा (दंताला वाले) का स्वर्गवास दिनांक 15-4-2023 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 17-4-2023 को सायं 2:00 से 4:00 बजे तक हमारे निवास स्थान 65-66 मायापुरी कॉलोनी 30 नंबर बस स्टैंड के पास पालड़ी मीणा आगरा रोड जयपुर पर रखी गई है।

शोकाकुल- रामनाथ (देवर), ललिता एवं धर्मेंद्र जी (पुत्री-दामाद), जगदीश, भवानी शंकर, रामजीलाल, सीताराम, बुद्धि प्रकाश (पुत्र), राम अवतार, ईश्वर लाल, नवीन, राहुल, चंदन (पोत्र), कनिष्क, मयंक (प्र पोत्र) व समस्त रांकला परिवार।
मो. 7073665766, 9649980101

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक आवासीय मकान 160/47 सेक्टर 16 प्रताप नगर सांगानेर जयपुर में स्थित है जिस पर मेरे पति शिवदयाल ने एच.डी.एफ.सी.लि. से ऋण लिया हुआ है तथा उक्त मकान के समस्त अचल दस्तावेज एच.डी.एफ.सी. लि. में रहन (MORTGAGE) कर रखे है। यह कि मेरे पति शिवदयाल का दिनांक 02.04.2021 को स्वर्गवास हो चुका है तथा उक्त मकान के पेटे लिये हुए ऋण की पूर्ण अदायगी एच.डी.एफ.सी. लि. को की जा चुकी है इसलिए अब मैं उक्त मकान के असल दस्तावेजो को प्राप्त करना चाहती हूँ यदि इस संबंध में भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपति है तो मय दस्तोवज प्रकाशन तिथि से सात दिवस तक की अवधि एच.डी.एफ.सी. लि. सी-स्कीम, जयपुर फोन नम्बर- 18002100018 में सम्पर्क कर सूचित रहे। राजवनी
पता-160/47 सेक्टर 16 प्रताप नगर सांगानेर जयपुर, मो. 9351005943

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 23/2023
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री पुष्पेन्द्र कुमार सैनी पुत्र श्री रामखिलाडी सैनी, निवासी 36, विजय नगर विस्तार जयपुर विजयपुरा जामडोली जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड ट्रस्ट प्लाट नं. 12, बोरडीयो की ढाणी, मान्यावास, न्यू सांगानेर रोड, मानसरोवर जयपुर प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 7.2.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 18.04.2023
रतनलाल योगी (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर
मोहर अदालत

न्यायालय जिला एवम् सैशन न्यायाधीश साहब करौली
शिवकुमार शर्मा वगै. बनाम
हर खास व आम वगै.
प्रार्थना पत्र उत्तराधिकार प्रमाण पत्र
मुकदमा नम्बर - c.m.no.06/2023
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शिवकुमार शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, श्रीमति शिमला बाई शर्मा पत्नि गजानन्द शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा व राजेश कुमार शर्मा पिसरान स्व. मांगीलाल शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी-अतेवा तहसील व जिला करौली तथा सुरेश चन्द पाराशर पुत्र स्व. प्रभूलाल शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी-सत्यवती विहार, करौली (राज.) ने इस न्यायालय में प्रस्तुत होकर मृतक श्रीमती सावित्री देवी शर्मा पत्नि स्व. मांगीलाल शर्मा निवासी-अतेवा व मृतक प्रभूलाल शर्मा पुत्र स्व. बालमुकन्द शर्मा निवासी-सीताबाडी करौली के भारतीय स्टेट बैंक शाखा हिण्डौन दरवाजा, करौली में संयुक्त लॉकर संख्या 326 में रखी सम्पूर्ण चल सम्पत्ति प्राप्त करने हेतु अपने पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने के लिये प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।
लिहाजा जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रार्थना पत्र के स्वीकार करने में आपत्ति हो तो इस न्यायालय में नियत दिनांक 20.05.2023 को मय 7.30 ए.एम. पर असालतन या वकालतन उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दे वरना गुजरने उक्त दिनांक कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं प्रार्थना पत्र एक तरफा में सुनकर फैसल कर दिया जावेगा।
वसब्त मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत के आज दिनांक 13.4.2023 को जारी किया गया। आज्ञा से- वरिष्ठ मुंसरिम
मुहर जिला एवं सैशन न्यायाधीश करौली

न्यायालय जिला न्यायाधीश, करौली (राज.)
क्रमांक:- दिनांक:-
1. विमला देवी पत्नि किरोड़ी लाल आयु 51 वर्ष जाति वैष्णव निवासी ग्राम कंजौली तहसील टोडाभीम जिला करौली हाल निवासी खंडीप तहसील गंगापुर सिटी जिला सवाईमाधोपुर (राज.)
2. सुमन पत्नि छोटे वैष्णव आयु 50 साल जाति वैष्णव निवासी ग्राम कंजौली तहसील टोडाभीम जिला करौली हाल निवासी खंडीप तहसील गंगापुर सिटी जिला सवाईमाधोपुर (राज.)
बनाम हरखास आम वगै. प्रार्थना पत्र तहत धारा 372 भा.उ.अधिनियम मुकदमा विविध दीवानी संख्या 02/2023
यह कि प्रार्थीयान विमला देवी एवं सुमन ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र पेश कर स्वयं के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु निवेदन किया है। अपने प्रार्थना पत्र में प्रार्थीगण द्वारा अपने पिता भरौी एवं माता मोहर कौर के सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा पुरानी ट्रक यूनियम चौराहा न्यू कलेक्ट्री के पास, करौली में संयुक्त बचत खाता ख्या 3355500350 जिसमें वर्तमान में लगभग 15,000/- रूपये के करीब राशि है। प्रार्थीयान की माता मोहर कौर के नाम उक्त बैंक शाखा में एक एफडीआर नम्बरी 250470 दिनांक 27.02.2015 राशि 65,000/- रूपये की है जिसकी परिपक्वता सात वर्ष पश्चात अर्थात दिनांक 27.02.2022 को हो चुकी है। प्रार्थीयान के पिता भरोसी वैष्णव जो कि ग्राम कंजौली तहसील टोडाभीम जिला करौली के मूल निवासी थे की मृत्यु दिनांक 03.12.2020 को ग्राम खंडीप तहसील गंगापुर सिटी जिला सवाईमाधोपुर में हो चकी है तथा माता मोहर कौर जो कि ग्राम कंजौली तहसील टोडाभीम जिला रौली की मूल निवासी थी की मृत्यु 09.03.2021 को ग्राम खंडीप तहसील गंगापुर सिटी जिला सवाईमाधोपुर में हो चुकी है। प्रार्थीयान के अलावा पिता एवं माता का कोई विधिक उत्तराधिकारी अब इस दुनिया में नहीं है। इसी प्रकार प्रार्थीयान के सगे भाई रामअवतार उर्फ रामोतार का सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा पुरानी ट्रक यूनियन चौराहा न्यू कलेक्ट्री के पास, करौली में बचत खाता संख्या 3396162797 था जिसमें वर्तमान में लगभग 29,000/- रूपये के करीब राशि है। प्रार्थीयान के भाई रामअवतार उर्फ रामोतार के नाम उक्त बैंक शाखा में एक एफडीआर नम्बरी 250471 दिनांक 27.02.2015 राशि 25,000/- रूपये की है जिसकी परिपक्वता सात वर्ष पश्चात अर्थात दिनांक 27.02.2022 को हो चुकी है। प्रार्थीगण के भाई रामअवतार उर्फ रामोतार जो कि ग्राम कंजौली तहसील टोडाभीम जिला करौली के मूल निगासी थे की मृत्यु दिनांक 03.04.2021 को ग्राम खंडीप तहसील गंगापुर सिटी जिला सवाईमाधोपुर में हो चुकी है। प्रार्थीयान के अलावा रामअवतार उर्फ रामोतार का काई विधिक उत्तराधिकारी अब इस दुनिया में नही है। प्रार्थीयान मृत भरोसी वैष्णव मोहर कौर एवं रामअवतार उर्फ रामोतार के विधि वारिस हैं। हमारे अलावा उक्त मृत व्यक्तियों का अन्य कोई विधिक वारिस नहीं है। प्रार्थीगण मृतकों की अन्य समस्त बल अबल सम्पत्तियों पर काबिज है व काबिज चले आ रहे हैं। प्रार्थीयान के अतिरिक्त अन्य कोई भी व्यक्ति मृत भरोसी वैष्णव, मृत मोहर कौर एवं मृत रामअवतार उर्फ रामोतार का विधिक उत्तराधिकारी नहीं है तथा मृतकों के खाते की शेष राशि मय ब्याज तथा एफडीआर बोण्ड की राशि मय ब्याज प्राप्त करने के हम प्रार्थीगण ही एकमात्र अधिकारी है।
अब हरखास आम को सूचित किया जाता है कि इसमें किसी को आपत्ति हो तो दिनांक 08.05.2023 तक स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा इस न्यायालय में उपस्थित हो। आपके न्यायालय में उपस्थित नहीं होने की दशा में न्यायालय द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
मुहर आज्ञा से - वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जिला करौली